तापमान

भोपाल	35.8°	17.6°
इंदौर	36.9°	20.8°
जबलपुर	34.8°	16.4°
ग्वालियर	34.4°	14.2°

दैनिक
नईदुनिया

भोपाल एवं सागर से एकसाथ प्रकाशित

वर्ष- 78
(भोपाल : वर्ष 40 अंक 110, पृष्ठ 12)
गुरुवार 20 मार्च 2025
राजधानी संस्करण
कीमतः 3:00 रुपये

राजधानी... करीलाधाम के विकास के लिए एक करोड़....

खेल... स्विस ओपन 2025 त्रीसा जॉली -गायत्री गोपीचंद की ....

व्यापार... सरकार ने कुछ इस्पात उत्पादों पर 12 फीसदी....


देश-विदेश... अमेरिका के मुख्य न्यायाधीश जॉन ....

www.naiduniaonline.com

'अंतरिक्ष परी' सुनीता ने रचा महा इतिहास
नौ महीने बाद किया धरती को स्पर्श

वाशिंगटन(एजेंसी)।

आठ दिनों के लिए संयुक्त क्रू फ्लाइट टेस्ट मिशन पर गयीं और तकनीकी कारणों से करीब नौ माह तक अंतरिक्ष में 'फंसी' रहीं भारतीय मूल की अमेरिकी अंतरिक्ष यात्री सुनीता विलियम्स के बुधवार तड़के धरती को आलिंगनबद्ध करते ही उनकी सुरक्षित वापसी के लिए कई घंटों से दिल थामे टकटकी लगाये विश्वभर में लोगों की आंखें खुशियों से छलछला गयीं और इसके साथ ही, अंतरिक्ष विज्ञान में 19 मार्च स्वर्णिम अक्षरों में दर्ज हो गया।

'अंतरिक्ष परी' सुनीता विलियम्स और बुच विल्मोर ने नौ महीने 14 दिन बाद आज धरती पर कदम रखा। उनका ड्रैगन फ्रीडम स्पेसक्राफ्ट भारतीय समयानुसार आज तड़के 3.27 बजे फ्लोरिडा के तट पर लैंड हुआ। इस मौके पर एक और सुंदर नजारा देखने को मिला। ड्रैगन के स्प्लैशडाउन होते ही कई डॉल्फिन मछलियों ने उसे घेर लिया। इस दौरान डॉल्फिन का झुंड अंतरिक्ष यान की चारों ओर तैरतने लगा जैसे वे 'अंतरिक्ष परी' के लिए स्वागत गीत गा रही हों। दोनों अंतरिक्ष यात्री बोइंग और नासा के आठ दिन के जॉइंट 'क्रू फ्लाइट टेस्ट मिशन' पर गए थे, लेकिन स्टारलाइनर स्पेसक्राफ्ट के थ्रस्टर्स में तकनीकी समस्या के कारण इनकी आठ दिन की यात्रा नौ माह 14 में तब्बदील हो गयी। स्पेसएक्स कैप्सूल ने अमेरिकी अंतरिक्ष यात्री सुश्री विलियम्स, बुच विलमोर तथा निक हेग और रूसी अंतरिक्ष यात्री अलेक्जेंडर गोर्बुनोव को फ्लोरिडा तट के पास अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन से चार पैराशूट का उपयोग करके सुरक्षित रूप से वापसी की।

भारत के कई राज्यों में सुश्री विलियम्स की सुरक्षित वापसी के लिए विशेष प्रार्थनाएं की गईं और पटाखें फोड़कर खुशियों का इजहार किया गया। इसी के साथ क्रू-9 एस्ट्रोनॉट्स की पृथ्वी पर वापसी के लिए एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर बन गया। नासा ने एक लाइव अपडेट में कहा कि स्पेसएक्स क्रू ड्रैगन कैप्सूल फ्रीडम की17 घंटे की यात्रा ग्रह की परिक्रमा करने के बाद, फ्लोरिडा तट के पास पैराशूट सहायता प्राप्त स्प्लैशडाउन के बाद पूरी की। नासा के अनुसार, सुनीता विलियम्स और बुच विलमोर आईएसएस पर नौ महीने से अधिक समय बिताने के बाद पृथ्वी पर लौटे, जबकि एक अन्य अमेरिकी एस्ट्रोनॉट निक हेग और एक रूसी कॉस्मोनॉट अलेक्जेंडर गोर्बुनोव को सुनीता विलियम्स और विलमोर के प्रतिस्थापन के रूप में 16 मार्च को आईएसएस के साथ डॉक किए गए स्पेसएक्स क्रू ड्रैगन क्राफ्ट पर भेजा गया (शेष पेज 2 पर)

मोदी, बिड़ला ने खुशी जताई, दीं शुभकामनाएं

भारतीय मूल की अंतरिक्ष यात्री सुनीता विलियम्स की जटिल परिस्थितियों के बीच धरती पर सकुशल वापसी से भारत में खुशी का महौल है और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सहित देश के शीर्ष नेतृत्व ने सुनीता विलियम्स, साथ लौटे अंतरिक्ष यात्रियों और अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा को शुभकामनाएं और बधाई दी हैं। मोदी ने सुनीता और अंतरिक्ष स्टेशन के साथी यात्रियों की वापसी पर बुधवार को सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में कहा, क्रू9, आपका स्वागत है! पृथ्वी को आपकी याद आई। श्री मोदी ने इन अंतरिक्ष यात्रियों के धैर्य और मनोभाव की प्रसंशा करते हुए लिखा कि उनका धैर्य, साहस और असीम मानवीय भावना की परीक्षा रही है। सुनीता विलियम्स और क्रू9 के अंतरिक्ष यात्रियों ने एक बार फिर हमें दिखाया है कि दृढ़ता का सही मतलब क्या है। विशाल अज्ञात के सामने उनका अटूट दृढ़ संकल्प हमेशा लाखों लोगों को प्रेरित करेगा। श्री मोदी ने लिखा कि अंतरिक्ष अन्वेषण मानव क्षमता की सीमाओं को आगे बढ़ाने, सपने देखने की हिम्मत करने और उन सपनों को वास्तविकता में बदलने का साहस रखने के बारे में है। सुनीता विलियम्स, एक पथप्रदर्शक और एक आदर्श, ने अपने पूरे करियर में इस भावना का उदाहरण दिया है।

2000 रुपए तक के भीम-यूपीआई भुगतान 2025-26 में भी रहेंगे प्रभार मुक्त : सरकार

नई दिल्ली, (एजेंसी)।

केन्द्री य मंत्रिमंडल ने ग्राहक से दुकानदार को कम मूल्य वाले भुगतान (पी2एम) में भीम-यूपीआई के उपयोग को को बढ़ावा देने के लिए प्रोत्साहन योजना को वित्त वर्ष 2025-26 में जारी रखने का निर्णय लिया है।

इस निर्णय के तहत छोटे व्यापारियों को दो हजार रुपए तक के भुगतान पर एक निश्चित दर पर प्रोत्साहन की व्यवस्था बनी रहेगी। इस योजना के प्रोत्साहन के लिए चालू वित्त वर्ष के लिए 1500 करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में मंत्रिमंडल के इस निर्णय की जानकारी देते हुए सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि देश में डिजिटल भुगतान तेजी से लोक प्रिय हुआ है। उन्होंने कहा कि डिजिटल भुगतान को प्रोत्साहित करने के लिए सरकार ग्राहकों की ओर से 2000 रुपए तक के भुगतान को मर्चेंट डिस्काउंट दर (एमडीआर) के प्रभार से मुक्त रखा है। उन्होंने कहा कि व्यक्ति से व्यापारी (पी2एम) को कम मूल्य वाले भीम-यूपीआई लेनदेन को बढ़ावा देने के लिए प्रोत्साहन योजना' एक साल के लिए जारी रखने का निर्णय किया गया है। उन्होंने कहा कि डिजिटल भुगतान तंत्र में ग्राहक का बैंक, फिनटेक और भुगतान प्राप्त करने वाला बैंक , भुगतान सेवा प्रदाता कंपनी और तीसरे पक्ष के मोबाइल ऐप आदि का एक बड़ा तंत्र शामिल होता है जिसके विकास और सुरक्षा पर खर्च आता है। फिर भी छोटे भुगतान को प्रभार से मुक्त रखा गया है। इस निर्णय के विषय में जारी कैबिनेट की एक विज्ञप्ति में कहा गया है कि कम मूल्य वाले भीम-यूपीआई लेनदेन (पी2एम) को बढ़ावा देने के लिए सरकार की ओर से प्रोत्साहन योजना को एक अप्रैल2024 से 31मार्च 2025 तक 1,500 करोड़ रुपए के अनुमानित परिव्यय पर लागू किया जाएगा। सरकार (शेष पेज 2 पर)

संशोधित राष्ट्रीय गोकुल मिशन को केन्द्रीय मंत्रिमंडल की मंजूरी

सरकार ने पशुधन क्षेत्र में विकास को बढ़ावा देने के लिए संशोधित राष्ट्रीय गोकुल मिशन को मंजूरी देते हुए इसके लिए 3400 करोड़ रूपये का व्यय निर्धारित किया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में बुधवार को यहां हुई केन्द्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में इस आशय के प्रस्ताव को मंजूरी दी गयी। इस प्रस्ताव में पशुधन क्षेत्र में विकास को बढ़ावा देने के लिए संशोधित राष्ट्रीय गोकुल मिशन के तहत केंद्रीय क्षेत्र घटक के रूप में संशोधित मिशन का क्रियान्व्यन 1000 करोड़ रुपये के अतिरिक्त परिव्यय के साथ किया जा रहा है, जो 2021-22 से 2025-26 तक 15वें वित्त आयोग चक्र के दौरान कुल 3400 करोड़ रुपये निर्धारित किया गया है। मिशन के साथ दो नई गतिविधियां जोड़ी गई हैं । पहली गतिविधि में कुल 15000 बछियों के लिए सुविधाओं के निर्माण को लेकर बछिया पालन केंद्रों की स्थापना के लिए पूंजीगत लागत का 35 प्रतिशत एकमुश्त सहायता का प्रावधान है। दूसरी गतिविधि में किसानों को उच्च आनुवंशिक योग्यता आईवीएफ बछिया खरीदने के लिए प्रोत्साहित करना शामिल है। यह योजना राष्ट्रीय गोकुल मिशन की मौजूदा गतिविधियों को जारी रखने के लिए है। इनमें वीर्य केन्द्रों को मजबूत बनाना, कृत्रिम गर्भाधान नेटवर्क, बैल प्रजनन कार्यक्रम का कार्यान्वयन, लिंग-विशिष्ट वीर्य का उपयोग करके त्वरित नस्ल सुधार कार्यक्रम, कौशल विकास, किसान जागरूकता, उत्कृष्टता केन्द्र की स्थापना शामिल है। साथ ही केन्द्रीय मवेशी प्रजनन फार्मों को मजबूत बनाना और इनमें से किसी भी गतिविधि में सहायता के पैटर्न में कोई बदलाव किए बिना केन्द्रीय मवेशी प्रजनन फार्मों को मजबूत बनाना शामिल है।

खास-खबरें

मुख्यमंत्री ने किया इंदौर की गेर में हुए हादसे पर शोक व्यक्त

मुख्यमंत्री ने इंदौर के सभी कार्यक्रम किए स्थगित

भोपाल (काप्र)। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने बुधवार को इंदौर में हुए एक हादसे पर गहन शोक व्यक्त कर इंदौर दौरे के सभी कार्यक्रम स्थगित कर दिए। इंदौर में रंगपंचमी पर निकलने वाली विश्व प्रसिद्ध गेर के दौरान बुधवार को एक हादसा हो गया, जिसमें एक व्यक्ति ट्रैक्टर की टक्कर से घायल हो गया। उपचार के दौरान उसका देहावसान हो गया। डॉ. यादव ने मृतक के परिजन को 4 लाख रुपये आर्थिक सहायता के रूप में प्रदान करने की घोषणा भी की है। मुख्यमंत्री ने घटना पर संवेदनाएं व्यक्त करते हुए बाबा महाकाल से प्रार्थना की है कि वे दिवंगत आत्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान दें और शोकाकुल परिवार को इस कठिन समय में संबल प्रदान करें।

एनआईए के खिलाफ शिकायत और आरोप निराधार : सरकार

नई दिल्ली (एजेंसी)। केन्द्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने बुधवार को राज्यसभा में राष्ट्रीय जांच एजेन्सी (एनआईए) के खिलाफ शिकायतों के आरोपों को खारिज करते हुए कहा कि एजेन्सी की विभिन्न मामलों की जांच में दोष सिद्धि की दर 95.5 प्रतिशत और आतंक वित्त पोषित मामलों में दोष सिद्धि की दर 100 प्रतिशत है। श्री राय ने प्रश्नकाल के दौरान पूरक प्रश्नों के जवाब में कहा कि एनआईए के खिलाफ शिकायत के मामले नहीं हैं ।

सदन को मुफ्त सुविधाओं पर विचार-विमर्श करने की आवश्यकताः धनखड़

नई दिल्ली (एजेंसी)।

सभापति जगदीप धनखड़ ने बुधवार को राज्यसभा में कहा कि शांति व्यवस्था, तुष्टिकरण, जिसे अक्सर मुफ्त सुविधाएं कहा जाता है, पर इस सदन को विचार-विमर्श करने की आवश्यकता है, क्योंकि पूंजीगत व्यय उपलब्ध होने पर ही देश आगे बढ़ता है।

श्री धनखड़ ने सदन में शून्यकाल के दौरान यह टिप्पणी उस समय की जब समाजवादी पार्टी के प्रो.रामगोपाल यादव ने सांसद निधि को बढ़ाकर वार्षिक 20 करोड़ रुपए करने की मांग की। प्रो.यादव ने कहा कि पहले एक हैंडपंप लगाने की लगत 15 हजार रुपए थी लेकिन अब यह बढ़कर 85 हजार से एक लाख रुपए तक हो गई है। उन्होंने कहा कि सांसद निधि से विभिन्न प्रकार के कार्यों के लिए हर दिन सैकड़ों लोग आते हैं लेकिन लागत बढ़ने के कारण राशि की उपलब्धता कम होने के कारण अधिकांश लोगों को खाली हाथ लौटना पड़ता है जिसका सीधा असर लोकसभा चुनाव पर दिखाता है और इस वजह से करीब एक तिहाई सांसद चुनाव हार जाते हैं।

बिना गोली चलाए अनुच्छेद 370 हटाकर जम्मू-कश्मीर का देश में किया पूर्ण विलय : राजनाथ

नई दिल्ली (एजेंसी)। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने बुधवार को कहा कि केंद्र की मोदी सरकार ने एक भी गोली चलाए बिना सबसे बड़ी बाधा अनुच्छेद 370 को हटाकर जम्मू-कश्मीर का देश में पूर्ण विलय किया।

यह सभी हितधारकों को ध्यान में रखते हुए पूरी सुरक्षा के साथ शांतिपूर्ण तरीके से किया गया। राजनाथ सिंह ने लोगों से आह्वान किया है कि वे मेजर बॉब खाथिंग के सिद्धांत के अनुरूप सदैव राष्ट्र को सर्वोपरि रखें, एकजुट रहें, ईमानदारी के साथ कर्तव्यों का निर्वहन करें तथा लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए निडरता से आगे बढ़ें। श्री सिंह ने बुधवार को यहां असम राइफल्स और यूनाइटेड सर्विसेज इंस्टीट्यूशन ऑफ इंडिया (यूएसआई) द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित मेजर बॉब खाथिंग स्मृति कार्यक्रम के पांचवें संस्करण को संबोधित करते हुए यह बात कही। रक्षा मंत्री ने मेजर बॉब खाथिंग को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि वह ऐसे असाधारण व्यक्ति थे जिन्होंने पूर्वोत्तर क्षेत्र और राष्ट्रीय सुरक्षा में अमूल्य योगदान (शेष पेज 2 पर)

स्वास्थ्य के लिए बनाई व्यापक नीति हर क्षेत्र का रखा गया है ध्यानः नड्डा

नई दिल्ली (एजेंसी)।

केन्द्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जेपी नड्डा ने मोदी सरकार द्वारा देश को तपेदिक मुक्त बनाने के लिए किये जा रहे उपायों का उल्लेख करते हुये बुधवार को राज्यसभा में कहा कि इस सरकार ने स्वास्थ्य क्षेत्र के लिए नयी स्वास्थ्य नीति बनायी है जो समग्र और व्यापक होने के साथ ही स्वास्थ्य से जुड़े हर क्षेत्र को ध्यान में रखा गया है।

श्री नड्डा ने सदन में उनके मंत्रालय के कामकाज पर हुयी चर्चा का जबाव देते हुये कहा कि इस चर्चा में 37 सदस्यों ने भाग लिया और कई सदस्यों ने अंतिम मील कनेक्टिविटी और जमीनी स्तर पर डिलीवरी के बारे में बात की। चूंकि राज्य एक स्वास्थ्य विषय है, इसलिए कार्यान्वयन राज्य सरकार के हाथ में है। केंद्र सरकार की भूमिका वित्तीय और तकनीकी सहायता, नीति-निर्माण और योजना, अनुसंधान और विकास और राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के लक्ष्यों तक पहुंचने के लिए हाथ पकड़ना है।

ऑनलाइन गेमिंग की 1097 साइट बंद की जा चुकी हैंः वैष्णव

नई दिल्ली (एजेंसी)। इलेक्ट्रानिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बुधवार को लोकसभा में कहा कि सरकार ऑनलाइन गेमिंग की समस्या को लेकर गंभीर है और 1097 गेमिंग साइट बंद की जा चुकी हैं।

श्री वैष्णव ने प्रश्न काल में एक सवाल के जवाब में कहा कि राज्य सरकारों के साथ समन्वय से ऑनलाइन गेमिंग और साइबर क्राइम पर अंकुश लगाने के प्रयास निरंतर जारी हैं। उन्होंने कहा कि संवैधानिक प्रावधानों के अनुरूप राज्य सरकारों के साथ मिलकर इस समस्या से निजात पाने के लिये तेजी से काम करेंगे। केन्द्र सरकार राज्य सरकारों के साथ मिलकर इस पर काम कर रही है। उन्होंने कहा कि इस मामले में नियमन इकाई बेहतर काम कर सकती है। उन्होंने बताया कि ऑनलाइन गेमिंग के चंगुल से लोगों को खासकर बच्चों को बचाने के प्रयास के तहत 1097 ऑनलाइन गेमिंग साइट बंद की जा चुकी हैं।

नागपुर हिंसा मामले में मास्टरमाइंड फहीम खान गिरफ्तार, 21 तक पुलिस कस्टडी में

नागपुर (एजेंसी)। नागपुर में हुई हिंसा के मुख्य आरोपी और माइनॉरिटी डेमोक्रेटिक पार्टी के जिला अध्यक्ष फहीम खान को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। कोर्ट में पेशी के बाद उसे 21 मार्च तक पुलिस कस्टडी में भेज दिया गया है। फहीम खान को इस हिंसा का मास्टरमाइंड बताया जा रहा है। गणेशपेठ में दर्ज एफआईआर के मुताबिक, उसने भीड़ इकट्ठा कर पुलिस थाने के बाहर प्रदर्शन किया और लोगों को भड़काया। आरोप है कि उसने पथराव की साजिश रची, जिसके लिए पहले से पत्थर जमा किए गए थे।

इस हिंसा को लेकर कुल 51 नामजद आरोपियों पर मामला दर्ज किया गया है। पुलिस रिपोर्ट के अनुसार, ये सभी एक ही धर्म के हैं और सुनियोजित तरीके से हिंसा भड़काने की कोशिश की गई। एफआईआर में यह भी कहा गया है कि हिंसा के दौरान महिला पुलिसकर्मियों के साथ छेड़खानी, बदसलूकी और दुष्कर्म की साजिश रची गई। पुलिस के अनुसार, यह घटना जानबूझकर की गई ताकि प्रशासन को दबाव में लाया जा सके। भीड़ ने पुलिस पर आरोप लगाया कि वे सिर्फ एक पक्ष के लिए काम कर रही हैं। इस दौरान अशोभनीय भाषा और गालियों का भी इस्तेमाल किया गया। उल्लेखनीय है कि फहीम खान पहले भी चर्चाओं में रहा है। वह केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी के खिलाफ चुनाव लड़ चुका है। पुलिस अब यह पता लगाने में जुटी है कि भीड़ कैसे जुटाई गई, हिंसा की साजिश कहां बनी और पत्थर कहां से लाए गए। वहीं, गिरफ्तार आरोपियों से भी पूछताछ जारी है। पुलिस ने बताया कि हिंसा में शामिल सभी दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

नौकरी के बदले जमीन घोटाले को लेकर ईडी के सामने पेश हुए लालू यादव

पटना (एजेंसी)। राष्ट्रीय जनता दल के अध्यक्ष लालू प्रसाद कथित नौकरी के बदले जमीन घोटाले की जांच के सिलसिले में बुधवार को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के सामने पेश हुए। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। पटना में बैंक रोड स्थित केंद्रीय एजेंसी के कार्यालय की ओर जाने वाली सड़क पर बड़ी संख्या में राजद कार्यकर्ता इकट्ठा हुए और लालू प्रसाद के समर्थन में नारेबाजी की। प्रसाद की पत्नी राबड़ी देवी और बड़े बेटे तेज प्रताप यादव से मंगलवार को एजेंसी ने करीब चार घंटे तक पूछताछ की थी। आरोपपत्र के अनुसार, ये दोनों भी मामले में सह-आरोपी के तौर पर नामजद हैं। इस बीच, लालू के छोटे बेटे तेजस्वी यादव ने पत्रकारों से कहा कि जितना हमें परेशान किया जाएगा, हम उतने ही मजबूत होते जाएंगे।

स्पेशल खबर *मणिपुर के चुराचांदपुर में फिर हुई झड़प ....*

पथराव में कई घायल, कर्फ्यू लागू ,पुलिस ने किया फ्लैगमार्च

इंफाल (एजेंसी)।

मणिपुर के चुराचांदपुर जिले में जोमी और हमार जनजातियों के लोगों के बीच हुई ताजा झड़पों में कई लोग घायल हो गए। एक अधिकारी ने बुधवार को यह जानकारी दी।

यहां दोनों समुदायों के शीर्ष संगठनों के बीच शांति समझौता होने के कुछ ही घंटों बाद मंगलवार देर रात चुराचांदपुर शहर में फिर से झड़प हुई। कस्बे में लोगों के एक समूह द्वारा जोमी उग्रवादी संगठन का झंडा उतारने की कोशिश के दौरान ये ताजा झड़प शुरू हो गईं। अधिकारी ने बताया कि लाठी-डंडे लिए उमड़ी भीड़ ने पथराव शुरू कर दिया, जिसके कारण

सुरक्षाकर्मियों को भीड़ को तितर-बितर करने के लिए आंसू गैस के गोले छोड़ने पड़े और हवा में गोलियां चलानी पड़ीं।

अधिकारी ने बताया कि भीड़ ने इलाके में तोड़फोड़ की, और कुछ लोगों ने अपने प्रतिद्वंद्वियों पर गोलियां भी चलाईं। सुरक्षा बलों ने कस्बे में फ्लैग मार्च किया और लोगों से घरों के अंदर रहने का आग्रह किया, क्योंकि 'जोमी' और 'हमार' समुदायों के बीच झगड़े के मद्देनजर पूरे जिले में कर्फ्यू लगा हुआ है। इस घटनाक्रम के जवाब में जोमी छात्र संघ ने जिले में बंद का आह्वान किया। छात्र संगठन ने एक बयान में कहा इंफाल चुराचांदपुर में अस्थिर हालात के मद्देनजर आपातकालीन बंद आवश्यक हो गया है, सभी सामान्य गतिविधियां स्थगित रहेंगी। लोगों को घर के अंदर रहने की सलाह देते हुए सभी शैक्षणिक और व्यावसायिक प्रतिष्ठानों को बंद रखने को कहा गया।